जनपद उन्नाव में वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किए जाने हेतु दिनांक **01** अप्रैल**, 2021** से **31** जनवरी**, 2022** के मध्य कुल **8,254** आवेदन-पत्र उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी स्तर से जिला समाज कल्याण अधिकारी**,** उन्नाव को प्राप्त हुए हैं।

उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी के स्तर से प्राप्त कुल 8,254 आवेदन-पत्रों की जॉचोपरान्त 7,961 आवेदन-पत्र पात्र एवं 293 आवेदन-पत्र अपात्र पाए गए। पात्र आवेदन-पत्रों को जिला स्तरीय स्वीकृति समिति से अनुमोदनोपरान्त पी.एफ.एम.एस. पोर्टल पर पेंशन भुगतान हेतु फाइनल फ्रीज़ कर दिया गया है, जिसमें से 2,527 लाभार्थियों को पी.एफ.एम.एस. पोर्टल से उनके बैंक खातों में पेंशन धनराशि अंतरित की जा चुकी है तथा शेष 5,434 लाभार्थियों को माह जून/जुलाई, 2022 में पेंशन धनराशि पी.एफ.एम.एस. पोर्टल से उनके बैंक खातों में अंतरित हो जाएगी।

प्रश्न नहीं उठता।

संबंधित शासनादेश की **25** प्रतियॉ मा**0** सदस्यों के अवलोकनार्थ मा**0** सभापति**,** विधान परिषद के कार्यालय कक्ष में उपलब्ध हैं।

**असीम अरूण**

**राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**